Class - 4
Subject - HINDI
पाठ – 7 परीक्षा

1. शब्दार्थ :–

व्यापारी –	व्यापार करने वाला
बुद्धू –	मूर्ख
मुश्किल –	कठिन
बिखेरना –	फैलाना
परिश्रमी –	मेहनती
कारोबार –	काम–धंधा
प्रकाश –	उजाला
परोपकार –	दूसरों की भलाई करना

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. व्यापारी कहाँ रहता था?

उत्तर व्यापारी गाँव में रहता था।

ख. व्यापारी कैसा आदमी था?

उत्तर व्यापारी परिश्रमी और ईमानदार आदमी था।

ग. व्यापारी के बड़े बेटों में किस चीज की कमी थी?

उत्तर व्यापारी के बड़े बेटों में बुद्धिमानी और होशियारी की कमी थी।

घ. व्यापारी का कौन–सा बेटा बुद्धिमान था?

उत्तर व्यापारी का छोटा बेटा बुद्धिमान था।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. बूढ़ा होने पर व्यापारी ने क्या सोचा?

उत्तर बूढ़ा होने पर व्यापारी ने सोचा कि मेरे न रहने पर मेरा व्यापार कौन सँभालेगा।

ख. बेटों की परीक्षा लेने के लिए व्यापारी ने क्या किया?

उत्तर बेटों की परीक्षा लेने के लिए व्यापारी ने बेटों को एक–एक रूपया दिया और कहा ऐसी चीज खरीद कर लाओ जिससे सारा घर भर जाए।

ग. दूसरे बेटे ने एक रूपए का क्या किया?

उत्तर दूसरे बेटे ने एक रूपए से ढेर सारा भूसा खरीद लिया और घर आकर एक कमरे में फैला दिया।

घ. बूढ़े को किस बात से विश्वास हुआ कि छोटा बेटा ही व्यापार के योग्य है?

उत्तर जब छोटे बेटे ने एक रूपए से मोमबत्ती खरीद कर पूरे कमरे को रोशनी से भर दिया तब बूढ़े को विश्वास हुआ कि छोटा बेटा ही व्यापार के योग्य है।

ङ बूढ़े ने छोटे बेटे को क्या शिक्षा दी?

उत्तर बूढ़े ने छोटे बेटे को शिक्षा दी कि जिस प्रकार दीपक स्वयं जलकर चारों ओर प्रकाश फैलाता है उसी प्रकार तुम भी हमेशा सेवा, प्यार और परोपकार की भावना को अपनाना।

4. मूल्यपरक प्रश्न

क. बूढ़ा व्यापारी बेटों की परीक्षा क्यों लेना चाहता था?

उत्तर बूढ़ा व्यापारी बेटों की परीक्षा लेना चाहता था क्योंकि वह अपना कारोबार सबसे होशियार बेटे को सौंपना चाहता था। अगर वह परीक्षा के माध्यम से व्यापार का भार छोटे बेटे को सौंपता तो दोनों बड़े बेटे को कोई आपत्ति नहीं होती।

ख. जलते हुए दीपक के माध्यम से लेखक क्या शिक्षा देना चाहता है?

उत्तर जलते हुए दीपक के माध्यम से लेखक यह कहना चाहते हैं कि जिस प्रकार दीपक स्वयं जलकर दूसरों को रोशनी देकर सेवा करता है उसी प्रकार हमें भी सेवा, प्यार और परोपकार की भावना को अपनाना चाहिए।

5. सही विकल्प पर सही (✓) का चिह्न लगाइए।

क. बूढ़े व्यापारी के कितने बेटे थे?

एक	दो	तीन ✓

ख. बूढ़े ने तीनों बेटों को कितने रूपये दिए?

एक रूपया ✓	दो रूपए	तीन रूपए

ग. बूढ़े का सबसे छोटा बेटा क्या खरीदकर लाया?

अदरक	मोमबत्ती ✓	भूसा

घ. बूढ़े का कौन–सा बेटा परीक्षा में सफल हुआ?

छोटा ✓	बड़ा	दूसरा बेटा

6. सामने दिए गए शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरिए –

रूपया, परिश्रमी, भूसे, बुद्धिमान, ईमानदार

क. व्यापारी परिश्रमी और ईमानदार था।

ख. बूढ़े ने अपने बेटों को एक–एक रूपया दिया।

ग. छोटा बेटा सचमुच बुद्धिमान था।

घ. दूसरे बेटे को भूसे से भरी हुई बैलगाड़ी दिखाई दी।

7. किसने कहा? किससे कहा? लिखिए –

क. "तुम लोग जानते ही हो कि अब मैं बूढ़ा हो गया हूँ।"

किसने कहा – बूढ़े व्यापारी ने	किससे कहा – अपने बेटों से

ख. "पिताजी! एक रूपये में आजकल क्या मिलता है?"

किसने कहा – बड़े बेटे ने	किससे कहा – बूढ़े व्यापारी से

ग. "पिताजी, आप अंदर चल कर देखिए।"

किसने कहा – छोटे बेटे ने	किससे कहा – बूढ़े व्यापारी से

घ. "तुम्हें भी हमेशा सेवा, प्यार और परोपकार की भावना को अपनाना होगा।"

किसने कहा – बूढ़े व्यापारी ने	किससे कहा – छोटे बेटे से